## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से झूठे वायदे करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।
2. राज्य में तेज हुआ चुनाव प्रचार, दलों के बीच बढ़ी जुबानी जंग, भाजपा ने कहा– सरकार बनते ही घुसपैठिए होंगे बाहर, झामुमो बोली– भाजपा की साजिश होगी नाकाम।
3. झारखंड विधानसभा की 81 सीटों पर कुल एक हजार दो सौ 11 उम्मीदवार मैदान में, पहले चरण में 683 और दूसरे में 528 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेगी जनता।
4. मौसम विभाग ने राज्य में अगले सात दिनों तक सुबह और शाम में कोहरा छाए रहने की जताई संभावना, रात के तापमान में आएगी कमी, बढ़ेगी ठंड।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झूठे वायदे करने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की है। सोशल मीडिया पर अनेक पोस्ट में श्री मोदी ने आरोप लगाया कि देश भर में यह महसूस किया जा रहा है कि कांग्रेस को वोट देने का अर्थ है कुशासन, खराब अर्थव्यवस्था और आसाधारण लूट का समर्थन करना। उन्होंने कहा कि लोग विकास और प्रगति चाहते हैं, न कि कांग्रेस के घिसे–पीटे पुराने वायदे। श्री मोदी ने कहा कि लोगों को कांग्रेस–प्रायोजित झूठे वायदों की संस्कृति के खिलाफ सतर्क रहना चाहिए।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल नाम वापस लेने के बाद अब चुनाव मैदान में कुल एक हजार दो सौ 11 उम्मीदवार रह गए हैं। 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि रांची, क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का सबसे छोटा निर्वाचन क्षेत्र है।

***************

राज्य में चुनाव प्रचार में तेजी आ रही है। इस कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रांची पहुंचेंगे। श्री शाह कल पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला के धालभूमगढ़, हजारीबाग जिले के बरकठा और चतरा जिले के सिमरिया में चुनावी रैलियों को सम्बोधित करेंगे। इधर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवम्बर को चाईबासा और गढ़वा में चुनावी सभा करेंगे। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पांच नवम्बर को राज्य में चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भी आठ या नौ नवम्बर को झारखण्ड आने की संभावना है।

***************

भाजपा के चुनाव सह–प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो वो राज्य़ से घुसपैठियों को बाहर करते हुए राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर–एन.आर.सी. लागू करेगी।

इधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान के खिलाफ है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाएगी।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ पत्र में उम्र को लेकर हुए विवाद पर आरोप–प्रत्यारोप जारी है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने चुनाव आयोग से इस पर कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं, रांची से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार महुआ माजी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी को वास्तविक काम से कोई लेना–देना नहीं है।

**************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला में आज बात होगी गढ़वा जिले की उन विधानसभा क्षेत्रों की जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होगा।

**************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अगले सात दिनों तक सुबह और शाम में कोहरा छाया रह सकता है, जिससे ठंड बढ़ सकती है। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में रात के तापमान में अभी से ही कमी आने लगी है और अगले चार दिनों में तापमान में और तीन से चार डिग्री तक की गिरावट होगी।

**************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने विधानसभा चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया ळें

प्रभात खबर ने लिखा है– दूसरे चरण में हेमंत, बाबूलाल, बाउरी और सुदेश जैसी नेताओं की होगी परीक्षा।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– मुख्यमंत्री के शपथ पत्र पर विवाद, आरोप–हेमंत की उम्र पांच साल में सात साल बढ़ी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– कांग्रेस के महासचिव के सी वेणुगोपाल के सामने कांग्रेसियों ने जमकर किया हंगामा।

हिन्दुस्तान की हेडलाइन है– रांची में दीवाली पर छियासठ प्रतिशत ज्यादा शोर, धनबाद, जमशेदपुर में बढ़ा ध्वनि प्रदूषण।

अंग्रेजी अखबर द टाइम्स ऑफ इंडिया ने बोकारों में दो दर्जन से अधिक पटाखा दुकानों में आग लगने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

****************